## एक नजर में

### आदित्य प्रताप ने 12वीं में प्राप्त किए 90 .8 फीसदी अंक




**धार ।** केंद्रीय विद्यालय धार के छात्र कुंवर आदित्य प्रताप सिंह ठाकुर ने कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा में 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की है कुंवर आदित्य प्रताप सिंह जिला अभिभाषक संघ धार के अध्यक्ष श्री हितेश ठाकुर एडवोकेट एवं आनंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 की अध्यापक श्रीमती जय श्री ठाकुर के पुत्र हैं ! कुंवर आदित्य प्रताप सिंह ने आगे ला की डिग्री हासिल कर अपने पिता के क्षेत्र में ही नया मुकाम हासिल करने की इच्छा जताई है !

### शहनाई वादन के साथ तीन दिवसीय पद्मश्री फड़के संगीत समारोह आज से




**धार ।** राजा भोज की कला साहित्य की नगरी आज फिर संगीत के रोमांच से अभिभूत होगी। प्रसिद्ध शिल्पकार व संगीतज्ञ रघुनाथराव कृष्णराव फ?के जी के कला अवदान को समर्पित 11 वां पद्मश्री फड़के संगीत समारोह उनकी पुण्यतिथि अवसर पर होगा। पूना के विश्वख्याति प्राप्त शहनाई वादक डॉ प्रमोद गायकवाड़ अपनी बिटिया नम्रता गायकवाड़ के साथ शहनाई वादन से संगीत समारोह को नवस्वर, नव स्पंदन प्रदान करेंगे। तबला संगत शिवम मालवीय की होगी। स्थानीय व नवोदित प्रस्तुति में मयूर गोयल का तबला वादन होगा। धार साहित्य संस्कृति के साथ ही संगीत का भी ग? रहा है। देश का ख्यातनाम संगीत समारोह 15 से 17 मई 2026 तक होगा। गायन, वादन व नृत्य को समर्पित यह आयोजन नवोदित व स्थापित कलाकारों का अनूठा साझा मंच है। उदघाटन विथि ठीक 07.05 पर आरंभ होगी। आयोजन प्रवेश सभी के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। पार्किंग भी निःशुल्क होगी। आयोजन समिति संयोजक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय यह संगीत समारोह विक्रम ज्ञान मन्दिर लालबाग परिसर धार में शाम ठीक 7.05 से 09.05 बजे होगा। *आयोजन समिति सदस्य वरिष्ठ संगीतज्ञ श्री लक्ष्मीकांत जोशी, दीपक खलतकर, वृषाली देशमुख, जगदीश बोरियाला, समाजसेवी जयंत जोशी, उदय वडनेरकर, प्रदीप जोशी, हरिहरदत्त शुक्ल, प्रकाश फाटक, अतुल कालभंवर, मीनाक्षी लहरे ने सभी सुधीजनों से समारोह सहभागिता का आमंत्रण अनुरोध किया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्क? ने दी।

### तपती दोपहर में सूने पड़े बाजार



42 डिग्री तापमान ने बढ़ाई चिंता, पेड़ों की कटाई बनी बड़ा कारण

बदनावर। नगर सहित आसपास के क्षेत्र इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। लगातार बढ़ते तापमान ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। गुरुवार को तापमान 42 डिग्री तक पहुंचने के कारण बदनावर के प्रमुख बाजारों और मुख्य चौराहों पर दोपहर के समय सन्नाटा दिखाई दिया। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। विशेषज्ञों और पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि हर वर्ष बढ़ रही गर्मी के पीछे पेड़ों की लगातार कटाई बड़ा कारण बनती जा रही है। विकास कार्यों और नई सड़कों के निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में हरियाली समाप्त हो रही है। सड़कें और भवन तो तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन उसी अनुपात में पौधारोपण नहीं होने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ता जा रहा है। नगर के कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले वर्षों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। बढ़ता तापमान, जल संकट और लू का खतरा भविष्य में लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए शासन-प्रशासन के साथ आम नागरिकों की भागीदारी भी जरूरी बताई जा रही है। लोगों से अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की जा रही है। जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही प्रकृति का संतुलन सुरक्षित रखा जा सकता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित भविष्य मिल सके।

### संस्कारों को पल्लवन करता शिविर

**बदनावर ।** संस्कारों की वर्तमान दौर में महती आवश्यकत है इस बात को ध्यान में रखकर आचार्य भगवंत उमेशमुनिजी म .सा के सुशिष्य बुद्धपुत्र प्रवर्तक श्री जिनेंद्रमुनिजी म .सा . की प्रेरणा से बदनावर में अखिल भारतीय धर्मदास संघ की पहल से नगर में वर्धमान स्थानकवासी श्रावक संघ एवं अणुकृपा नवयुवक मंडल द्वारा छह दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा। जिसमें 13 वर्ष से लेकर 22 वर्ष आयु वर्ग के बालक भाग ले रहे है, शिविर में विभिन्न नगरों एवं गांव के बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभागीता ले रहे हैं।जैन कुल में जन्मे प्रत्येक परिवार के बच्चे को जन्म से ही जैन संस्कारों का बीजारोपण किया जाता है बचपन से ही नवकार महामंत्र , सामयिक आराधना एवं जीवो के प्रति दया के भाव को सिखाया जाता है, किंतु आज के आपाधापी के समय में और आधुनिकीकरण के दौर में बच्चों को व्यवहारिक शिक्षा के साथ धार्मिक शिक्षा भी अत्यंत आवश्यक है प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत- इससे जोड़ने के निमित नगर में शिविर का आयोजन किया जा रहा हे तत्वज्ञ पूज्य श्री धर्मेंद्रमुनिजी म .सा . पूज्य श्री संदीपमुनि म .स . अभयमुनीजी म .सा ., जयंतमुनिजी म .सा ., प्रशस्तमुनि जी, सुयशमुनि जी, प्रसन्नमुनि जी, संजीवमुनि जी आदि ठाणा 8 एवं महासती पूज्या श्री मधुबाला जी मा .सा .,सुनीता जी मा .सा .आदि ठाणा 6 के पावन सानिध्य में शिविर संचालित हो रहा हे, शिविर निर्धारित दिनचर्या अनुसार चल रहा हे प्रत्येक शिविरार्थी को रायसी एवं देवसिय प्रतिक्रमण करना नो सामयिक की आराधना करना अनिवार्य है। प्रात- काल में नाश्ता और धार्मिक गतिविधि के पश्चात प्रवचन के विषय निर्धारित किए गए हैं इसके पश्चात भोजन एवं अल्प विश्रांति दी जाती है, बच्चों को शिविर में दोपहर लगने वाली धार्मिक पाठशाला के माध्यम से साधु जीवन के महत्व , जैन धर्म सिद्धांत और धर्म आचरण की विधायिका के साथ साथ सामाजिक जीवन में उत्कृष्ट आचरण , बोली, संयम और आत्मविश्वास , ध्यान योग प्राणायाम , स्वयं पर नियंत्रण , क्रोध के वेग को नियंत्रित करने ,जीवन कौशल के व्यवहारिक जीवन में शब्दों की मर्यादा जैसे बिंदुओं पर कथा, प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से समझ विकसित की जारी है । साथ ही अणुकृपा नवयुवक मंडल के सक्रिय सदस्यों द्वारा बच्चों के लिए रोचक खेल गतिविधि भी करवाई जा रही है .





# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कल आएंगे धार

**भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने आगमन की तैयारी को लेकर जिला कार्यालय की गई बैठक**



**धार।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार 16 मई को धार प्रवास पर रहेंगे। गुरुवार को भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा ने आगमन की तैयारी को लेकर जिला कार्यालय पर बैठक हुई जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती, भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनमचंद फकीरा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी प्रवीण चावला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश चौहान पूर्व जिला पंचायत सदस्य रजनीश मालवीय सोहन मालवीय राजेश चंद्रवंशी विजय सिंह परमार रतन पवार की उपस्थिति में संपन्न हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और जिम्मेदार भारत के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए विगत दिनों सभी नागरिकों से आग्रह है कि ईंधन की बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में यह छोटा सा प्रयास देशहित में बड़ा योगदान बन सकता है।

> पीएम मोदी की प्रेरणा से बैठक यह निर्णय लिया की भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री भगवान परमार के प्रथम नगर आगमन पर गाड़ियों की संख्या कम से कम हो। कार्यक्रम अनुसार भगवान परमार 16 मई सुबह मनावर से प्रस्थान कर सुबह 11 बजे धार पहुंचकर त्रिमूर्ति चौराहे पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा जिला कार्यालय में अनुसुचित जाति मोर्चा सम्मेलन व मोर्चा जिला कामकाजी बैठक में शामिल होंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## सामुदायिक भवन में नामी विशेषज्ञों ने की लोगों की स्वास्थ्य जांच

**मनावर ।** ग्राम सोंडुल में ग्राम पंचायत के सहयोग से कंपनी द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन में बहु-विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर यूनिट हेड श्री नितेश निराला एवं श्री राजेश जैन उपाध्यक्ष मानव संसाधन एवं ओमकारा लेडीज़ क्लब अध्यक्ष राखी निराला के मार्गदर्शन में एवं सी एस आर प्रमुख विपिन सक्सेना के दिशानिर्देश आयोजित किया गया।

इस शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, नेत्र विशेषज्ञ एवं फिजिशियन सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा कुल 157 मरीजों का उपचार किया गया। साथ ही सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का





वितरण भी किया गया।

शिविर के दौरान ग्राम सोंडुल के सरपंच ने ओमकारा लेडीज़ एवं लेडीज क्लब क्लब की सदस्य श्रीमती नेहा मिश्रा, श्रीमती सुदीप्ता सेन, श्रीमती पिंकी जैन एवं सीएस आर टीम ओमकारा लेडीज़ क्लब, सीएसआर टीम, हॉस्पिटल टीम ने मिलकर शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया। ग्राम सोंडुल के सरपंच श्री नाहर सिंह बुंदेला ने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल के लिए वरिष्ठ प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर धार सीमेंट वर्क्स के डॉक्टर बृज सोनी , डॉ दिनेश प्रसाद , सुशांत दास , सुखलाल वास्कले , मनोज यादव , प्रिया सोनी, विक्रम मुवेल का सराहनीय सहयोग दिया।

## कानवन पुलिस ने नाबालिगों को परिजन को सौंपा

**नागदा ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु लगातार विशेष अभियान आपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के द्वारा निर्देशित करने पर सम्पूर्ण जिले में गुम नाबालिग बालक बालिकाओं की दस्तयावी का अभियान चलाकर अधिक से अधिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु निर्देशित किया गया है।


इसी तारतम्य में 11 मई को फरियादी रामचन्द्र डामर निवासी ग्राम कडोदकला द्वारा उसके नाबालिक लडके गौतम पिता रामचन्द्र डामर उम्र 13 साल 2 माह निवासी ग्राम कडोदकला के गुम हो जाने की रिपोर्ट करने पर तत्काल श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सचिन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय पारुल वेलापुरकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर व बदनावर अरविन्द तोमर के निर्देशन में थाना प्रभारी कानवन निरीक्षक रविन्द्र कुमार बारिया व थाना कानवन टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर तंत्र लगाकर दिनांक 12.05.2026 को अपहृत बालक गौतम को थाना क्षेत्र देपालपुर जिला इन्दौर से दस्तयाव कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिससे परिजनों में खुशी की लहर होकर थाना टीम की कार्यवाही की प्रशंसा की गई। पुलिस थाना कानवन द्वारा निरीक्षक रविन्द्र कुमार बारिया के निर्देशन में इस माह में ऑपरेशन मुस्कान के तहत 5 बालिकायें एवं 1 बालक को दस्ताव किया गया है।

## जैन समाज ने पीएम-सीएम को भेजा ज्ञापन

**स्थानीय वर्द्धमानपुर शोध संस्थान और जैन समाज ने संस्थान के बन्द करने की अधिसूचना पर उठाई आपत्ति**

**बदनावर ।** भगवान महावीर स्वामी की पावन जन्मस्थली बासोकुंड, वैशाली स्थित 'प्राकृत जैन शास्त्र और अहिंसा शोध संस्थान जिसका शुभारंभ प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने महावीर जन्म कल्याणक उत्सव के दिन चैत्र शुक्ल त्रयोदशी वीर निर्वाण संवत 2482 तदानुसार 23 अप्रैल वर्ष 1956 को किया गया था। वर्तमान में एक सरकारी प्रस्ताव पर अधिसूचना के द्वारा इसे बंद करने की कार्रवाई की गई जिसका पूरे देश में पुरज़ोर विरोध हो रहा है।

वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी ने बताया कि लगभग 70 वर्ष पूर्व भारतीय ज्ञान परम्परा की त्रिवेणी संस्कृत, प्राकृत और पाली भाषा के महत्त्व को समझते हुए भारत सरकार द्वारा तीनों भाषाओं पर एक एक अलग-अलग शोध केंद्र की स्थापना की गई जो वर्षों से निर्बाध रूप में अपने काम को अंजाम दे रहे थे और हजारों विद्वानों को देश के सुपुर्द किया। ऐसे में एक संस्थान जो भारत की प्राचीन भाषा प्राकृत का प्रतिनिधित्व करता है उसे मानसिक विकृतियों के चलते अथवा यूं कहें कि षड्यंत्र पूर्वक बन्द होने के कगार पर लाकर खड़ा करके उसे बंद करने का तुगलकी फरमान जारी कर देना भारतीय संस्कृति की ज्ञान परम्परा को नष्ट-भ्रष्ट करने का उपक्रम है।




> संस्थान एवं नगर के सामाजिक संगठनों के राजेश जैन (फुलजी बा), राजमल सूर्या, मुकेश विनायका, सुरेन्द्र मूणत, राजेश मोदी, विजय बाफना, महेन्द्र सुंदेचा, राजेन्द्र सराफ, अनिल लुनिया, सर्वेश मंडलेचा, सौरभ जैन (बिट्टू), हेमंत मोदी, अभिषेक टल्ला, सुशील जैन, पवन पाटोदी, सुशील मोदी, ललित गोधा, स्वप्निल जैन, ओम पाटोदी सहित अन्य समाज जनों ने मांग की है कि शिघ्रता से अधिसूचना रद्द करके प्राकृत भाषा के विकास हेतु संस्थान को शुरू करके उसे सुदृढ़ बनाया जाएं।

## मेहनत-मार्गदर्शन से काश्यप विद्यापीठ की सफलता

**बदनावर । सी.बी.एस.ई. कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही काश्यप विद्यापीठ परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल छा गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि निरंतर परिश्रम, अनुशासित अध्ययन और श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं।**



इस वर्ष विद्यालय के 40 विद्यार्थियों में से 34 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित कर संस्था की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा हिमाद्री चांडक ने 95.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं अनिक धोका ने 93.8 फीसदी, काव्या जैन ने 90.8 फीसदी आयुष पाटीदार ने 90.4 फीसदी अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की।

विशेष उपलब्धि के रूप में विद्यालय के छात्र अनिक धोका ने अकाउंटेंसी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विद्यालय की उपलब्धियों में एक नया गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ा।

वाणिज्य संकाय में नुरुद्दीन बोहरा (88.8फीसदी), वासव सोलंकी (88.2त्न), आयुष गोस्वामी (85.6त्न), गायत्री पंवार (83.2त्न) तथा जाग्रव शर्मा (82त्न) ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। वहीं विज्ञान संकाय में खुशी पाटीदार ने 86.8त्न, गीतिका राठौर ने 76.8त्न तथा सिद्धिका जैन ने 74.4त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

काश्यप विद्यापीठ अपनी स्थापना के समय से ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए पहचान बना चुका है। हर वर्ष विद्यार्थियों के बढ़ते परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं भविष्य निर्माण के प्रति भी पूर्णतः समर्पित है।इस उपलब्धि पर प्राचार्य नंदा व्यास एवं समन्वयक विपिन जैन ने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती नीता काश्यप के प्रेरणादायी मार्गदर्शन को सफलता का आधार बताया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

**एक नजर में** — दोनों तीर्थंकरों की प्रतिमाएं नगर में खुदाई के दौरान प्राप्त हुई थीं ...

# अनंतनाथ स्वामी जन्म-तप कल्याणक मनाया, आज शांतिनाथ के तीन कल्याणक

**बदनावर। जैन धर्म के चौदहवें तीर्थकर श्री अनन्त नाथ स्वामी का जन्म एवं तप कल्याणक गुरुवार को मनाया गया और आज शुक्रवार को सोहलवें तीर्थंकर श्री शांतिनाथ जी के जन्म, तप और मोक्ष कल्याणक मनाए जाएंगे। यह बदनावर वर्द्धमानपुर नगर के लिए गौरव की बात है कि दोनों ही तीर्थंकर भगवान की लेख युक्त प्रतिमाएं नगर के भूगर्भ से प्राप्त हुई थी।**




उक्त जानकारी देते हुए निर्ग्रन्थ सेंटर आफ आर्कियोलॉजी इंदौर रीज़न के पुरातत्व संयोजक एवं वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी ने बताया कि यह नगर की ऐतिहासिक धरोहर वर्तमान में जयसिंहपुरा उज्जैन संग्रहालय में क्रमशः सरल क्रमांक 119 एवं 80 पर प्रदर्शित की है। अनन्त नाथ स्वामी की प्रतिमा लेख से ज्ञात होता है कि वह विक्रम संवत 1506 (सन् 1449) में आज से 577 वर्ष पूर्व प्रतिष्ठित होकर विराजमान हुई थी। इसी प्रकार श्री शांतिनाथ जी की प्रतिमा भी लेख युक्त है और इससे प्राप्त सूचना के अनुसार यह प्रतिमा विक्रम संवत 1350 (सन् 1293) आज से 733 वर्ष पूर्व भव्य समारोह के साथ प्रतिष्ठित हुई थीं।

पाटोदी ने बताया कि हरिवंश पुराण में भगवान श्री शांतिनाथ स्वामी के जिनालय का उल्लेख मिलता है जहां पर बैठ कर उन्होंने ग्रंथ लिखा था। प्राचीन जिनालय कहां पर था यह तो खोज का विषय है परन्तु संयोगवश वर्तमान में जो जवाहर मार्ग स्थित जिनालय है वह भी भगवान शांतिनाथ स्वामी को समर्पित है। प्रातः कालीन बैला में मूल नायक श्री शांतिनाथ भगवान के मस्तकाभिषेक होगें वहीं विश्व कल्याण के लिए विशेष शांति धारा एवं पूजा अर्चना करते हुए यह कल्याणक दिवस मनाया जाएगा। समाज अध्यक्ष राजेश मोदी, पवन पाटोदी, शुशील गोधा आदि समाज जनों ने धर्म लाभ लेने की बात कही।